पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), *E-mail ID- academicprsu2@gmail.com*

क्र. 8220 /अका./2019 रायपुर, दिनांकः 27/02/2019

संशोधित पत्र

प्रति,

समस्त कार्यपरिषद् एवं विद्यापरिषद् सदस्य,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

विषय : दिनांक 04 मार्च, 2019 को आयोजित 24वाँ दीक्षांत समारोह में आमंत्रण बाबत्।

इस कार्यालय का पत्र क्र. 8210/अका./2019 दिनांक 27.02.2019 में आंशिक संशोधन किया जाता है जो निम्नांकित है –

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का 24वाँ दीक्षांत समारोह, दिनांक 04 मार्च, 2019 को समय 10.00 बजे आयोजित है, इसमें आप सादर आमंत्रित हैं। इस कार्यालय का अधिसूचना क्र. 8208/अका./2019 दिनांक 27.02.2019 के अनुक्रम में **दीक्षांत समारोह शोभा–यात्रा का पूर्वाभ्यास दिनांक 03.03.2019 को प्रातः 8.00 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर में आयोजित है।**

24वाँ दीक्षांत समारोह के लिए निर्धारित वेश भूषा की जानकारी निम्नानुसार हैः–

माननीय अतिथि	विशिष्टकरण सहित परिधान
विद्यापरिषद्, कार्यपरिषद् एवं संकायाध्यक्ष	(A) सफेद कुर्ता–पायजामा (B) कोसा रंग की प्लेन (Plain) साड़ी (C) पगड़ी (D) दुपट्टा (Stoll) :– मैरून रंग का वेल्वेट जिसमें 1 इंच का गोल्डन जरी पट्टा

टीप : पगड़ी एवं दुपट्टा विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, शेष परिधान स्वयं के द्वारा धारण कर दीक्षांत समारोह स्थल पर उपस्थित होंगे। महिलाओं के लिये पगड़ी ऐच्छिक (Optional) होगा।

पगड़ी एवं दुपट्टा का वितरण *पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर* में किया जावेगा।

समस्त कार्यपरिषद् एवं विद्यापरिषद् के सदस्यों से अनुरोध है कि निर्धारित समय से **'आधा घण्टा'** पूर्व *पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर* में उपस्थित होने की कृपया कष्ट करें।

27.2.19
कुलसचिव

पृ.क्रमांक : 8221 /अका./2019 रायपुर, दिनांकः 27 /02/2019

प्रतिलिपि :

1. प्रभारी अधिकारी वेश–भूषा वितरण (24वाँ दीक्षांत समारोह) की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. 24वाँ दीक्षांत समारोह के सुचारू एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु गठित समिति के समन्वयकों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. वित्त नियंत्रक/प्रभारी अंकेक्षण, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर।
4. प्रभारी अधिकारी, उपाधि विभाग को समस्त आवेदकों (पीएच.डी. एवं गोल्ड मेडल) को सूचित करने हेतु।
5. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद,
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण/ प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में समाचार के रूप में प्रकाशित किये जाने हेतु।
7. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (अका.)